# JAIN VISHVA BHARATI INSTITUTE, LADNUN
## DISTANCE EDUCATION EXAMINATION – 2025
## (JULY SESSION)
## M.A. IN HINDI
## (PREVIOUS YEAR)
## MHD101 - ADHUNIK HINDI KAVYA

**TIME : 3.00 HOURS** **ROLL NO. ......................** **MM : 70**

**निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

प्र. 1. निम्नांकित में से किन्ही तीन गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

**3x10 = 30**

(अ) मैं अबला बाला वियोगिनी, कुछ तो दया विचारो,
होकर मधु के गीत मदन, पटु तुम कटु, गरल न गारो,
मुझे विकलता, तुम्हे विफलता ठहरो, श्रम परिहारो।
नहीं भोगिनी यह मैं कोई, जो तुम जाल पसारों,
बल हो तो सिन्दूर बिन्दु यह–यह हरनेत्र निहारो।
रूप दर्प कन्दर्प, तुम्हे तो मेरे पति पर वारो,
लो यह मेरी चरण धूलि उस रति के सिर पर धारो।

(ब) नील परिधान बीच सुकुमार
खुल रहा मृदुल अधखुला अंग
खिला हो ज्यों बिजली का फूल
मेघ–वन–बीच गुलाबी रंग।
आह! वह सुख! पश्चिम के व्योम –
बीच जब घिरते हो घनश्याम;
अरुण रवि–मण्डल उनको भेद
दिखाई देता हो छविधाम।

(स) 'मनु! उसने तो कर दिया दान।
वह हृदय प्रणय से पूर्ण सरल जिसमें जीवन का भरा, मान,
जिसमें चेतनता ही केवल निज शान्त प्रभा से ज्योतिमान
पर तुमने तो पाया सदैव उसकी सुन्दर जड. देह–मात्र,
सौन्दर्य–जलधि से भर लाये केवल तुम अपना गरल–पात्र।
तुम अति अबोध, अपनी अपूर्णता को न स्वयं तुम समझ सके,
परिणय जिसको पूरा करता उससे तुम अपने आप रूके
कुछ मेरा हो यह राग–भाव संकुचित पूर्णता है अमान।

मानस–जलनिधि का क्षुद्र यान।

(द) है अमानिशा, उगलता गगन घन अन्धकार;
खो रहा दिशा का ज्ञान; स्तब्ध है पवन–चार;
अप्रतिहत गरज रहा पीछे अम्बुधि विशाल
भूधर ज्यों ध्यान–मग्न; केवल जलती मशाल।
स्थिर राघवेन्द्र को हिला रहा फिर–फिर संशय,
रह–रह उठता जग जीवन में रावण–जय–भय,
जो नहीं हुआ आज तक हृदय रिपु–दम्य–श्रान्त –
एक भी, अयुत–लक्ष में रहा जो दुराक्रान्त,
कल लडने को हो रहा विकल वह बार–बार
असमर्थ मानता मन उद्यत हो हार–हार।

**प्र. 2. निम्नलिखित प्रश्नों के उतर दीजिए– (आलोचनात्मक प्रश्न)** **2x10 = 20**

(अ) छायावाद की प्रमुख प्रवृतियों को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

प्रयोगवाद की प्रमुख प्रवृतियों को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(ब) नई कविता की परिभाषा देते हुए हिन्दी कविता में उसके महत्व को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

'साठोतरी' कविता को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

**प्र. 3. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उतर दीजिए– (लघूतरात्मक प्रश्न)** **2X10=20**

**(i)** द्विवेदीयुगीन कविता में नारी संवेदन विषय पर विचार प्रकट कीजिए।
**(ii)** छायावादी काव्य की तीन प्रमुख विशेषताओं को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।
**(iii)** प्रयोगवाद की तीन प्रमुख विशेषताओं को समझाइए।
**(iv)** मैथिलीशरण गुप्त को दो प्रतिनिधि रचनाओं का परिचय दीजिए।
**(v)** इडा सर्ग का परिचय दीजिए।

**प्र. 4. निम्नलिखित दस प्रश्नों के उतर दीजिए– (अतिलघूत्तरी प्रश्न)** **10 X ½= 05**

**(i)** छायावाद का उपनिषद किस रचना को कहा जाता है?
**(ii)** सरस्वती का संपादन–दायित्व आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने कब ग्रहण किया?
**(iii)** खड़ीबोली का पहला महाकाव्य कौनसा है?
**(iv)** छायावाद काव्य की तीन प्रमुख विशेषताओं को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।
**(v)** इडा सर्ग का परिचय दीजिए।
**(vi)** 'चौथा सप्तक' के संपादक कौन है?
**(vii)** युयुत्सावादी कविता के प्रणेता कौन है?
**(viii)** खड़ीबोली में सबसे चर्चित और लोकप्रिय पहली रचना किसे मानते हैं?
**(ix)** 'साकेत' का कौनसा सर्ग सबसे महत्वपूर्ण जाता है?
**(x)** निराला का दर्शन क्या है?

♦♦♦

# JAIN VISHVA BHARATI INSTITUTE, LADNUN
## DISTANCE EDUCATION EXAMINATION – 2025
## (JULY SESSION)
## M.A. IN HINDI
## (PREVIOUS YEAR)
## MHD102 - GADHYA SAHITYA

**TIME : 3.00 HOURS** **ROLL NO. ......................** **MM : 70**

**निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित है।**

**प्र. 1. निम्नांकित में से किन्ही तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए–** **3X8 = 24**

**(i)** बुद्धि अगर स्वार्थ से मुक्त हो, तो हमें उसकी प्रभुता मानने में कोई आपत्ति नहीं। समाजवाद का यही आदर्श है। हम साधुओं, महात्माओं के सामने इसीलिए सिर झुकाते हैं कि उनमें त्याग का बल है। इसी तरह हम बुद्धि के हाथ में अधिकार भी देना चाहते हैं, सम्मान भी, नेतृत्व भी, लेकिन सम्पत्ति किसी तरह नहीं। बुद्धि का अधिकार और सम्मान व्यक्ति के साथ चला जाता है, लेकिन उसकी सम्पत्ति विषय बोने के लिए, उसके बाद भी प्रबल हो जाती है। बुद्धि के बगैर किसी समाज का संचालन नहीं हो सकता। हम केवल इस बिच्छू का डंक तोड़ देना चाहते हैं।

**(ii)** मैं जानती हूं माँ अपवाद होता है। तुम्हारे दुःख की बात भी जानती हूं। फिर भी मुझे अपराध का अनुभव नहीं होता। मैंने भावना में एक भावना का वरण किया है। मेरे लिए वह संबंध और सब संबंधों से बड़ा है। मैं वास्तव में अपनी भावना से प्रेम करती हूं जो पवित्र है, कोमल है, अनश्वर है .......।

**(iii)** तुम पूरी तरह नहीं समझ रही मल्लिका। प्रश्न तुम्हारे घेरने का नहीं है। ...... मैं अनुभव करता हूं कि ग्राम–प्रांतर मेरी वास्तविक भूमि है। मैं कई सूत्रों से इस भूमि से जुड़ा हूँ। उन सूत्रों में तुम ही, यह आकाश और ये मेघ है, यहाँ की हरियाली है, हिरणों के बच्चे हैं, पशुपालन है, यहां से जाकर मैं अपनी भूमि से उखड़ जाऊंगा।

**(iv)** जिसकी आत्मा में बल नहीं, अभिमान नहीं, वह चाहे कुछ भी हो, आदमी नहीं है। जिसे दुश्मन के भय के मारे रात को नींद न आती है, जिसके दुःख पर सब हंसे और रोने वाला कोई न हो, जिसकी चोटी दूसरों के पैरों के नीचे दबी हो, जो भोग–विलास के नशे में अपने को बिल्कुल भूल गया हो, जो हक्काम के तलवे चाटता हो और अधीनों का खून चूसता हो, उसे मैं सुखी नहीं कहता, वह तो संसार का सबसे अभागा प्राणी है।

प्र. 2. किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए– **2x10 = 20**

- **(i)** गोदान की युग चेतना समझाइये।
- **(ii)** आषाढ़ का एक दिन नाटक का कथासार अपने शब्दों में लिखिए।
- **(iii)** ''बाणभट्ट की आत्मकथा प्रेम व्यन्जना की दृष्टि से मार्मिक कृति है'' कथन की समीक्षा कीजिए।

**प्र. 3. लघूत्तरात्मक प्रश्न (कोई चार)** **4x4 = 16**

- **(i)** गोदान में वर्ग–संघर्ष के बारे में मत व्यक्त कीजिए।
- **(ii)** स्वातंत्रयोत्तर युग के प्रमुख हिंदी निबंधकार बताइए।
- **(iii)** आषाढ़ के एक दिन नाटक के मल्लिका का चरित्र–चित्रण कीजिए।
- **(iv)** गोदान की समान्तर कथा–धाराओं का उल्लेख कीजिए।
- **(v)** ललित निबंध की विशेषताएँ बताइए।
- **(vi)** गुल की बन्नो कहानी' स्वाभिमानी भारतीय नारी की करुण गाथा है। स्पष्ट कीजिए।

**प्र. 4. अति लघूत्तरात्मक प्रश्न (कोई दस)** **10x1 = 10**

- **(i)** मैथिलीशरण गुप्त जी का उपनाम क्या है?
- **(ii)** वाल्मीकि के मुँह से पहली कविता कब निकली?
- **(iii)** मौर्य वंश का पहला शासक कौन था?
- **(iv)** दूब किसका प्रतीक है?
- **(v)** प्रेमचंद जी की दो कहानियों का नाम लिखिए।
- **(vi)** कुबेरनाथ राय के बाल सखा कौन है?
- **(vii)** 'गुल की बन्नो' किसकी रचना है?
- **(viii)** रवीन्द्रनाथ से पहली मुलाकात लेखिका की कहां हुई थी?
- **(ix)** बापू किसका उपनाम है?
- **(x)** महादेवी वर्मा जी का जन्म कहां हुआ था?
- **(xi)** पाजेब कहानी का मुख्य पात्र कौन है?
- **(xii)** भवभूति ने उर्मिला का अंकन कैसे किया है?
- **(xiii)** लज्जा के क्या अनुभाव है?
- **(xiv)** पुरस्कार कहानी किसने लिखा था?
- **(xv)** निबंध शब्द की व्युत्पत्ति दीजिए।

◆◆◆

# JAIN VISHVA BHARATI INSTITUTE, LADNUN
## DISTANCE EDUCATION EXAMINATION – 2025
## (JULY SESSION)
## M.A. IN HINDI
## (PREVIOUS YEAR)
## MHD103 - KAVYASHASTRA EVAM SAHITIYALOCHAN

**TIME : 3.00 HOURS** **ROLL NO. ......................** **MM : 70**

**निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित है।**

प्र. 1. काव्य के विभिन्न प्रकारों पर अपना अभिमत प्रकट कीजिए। **10**

**अथवा**

ध्वनि काव्य के प्रमुख भेदों का निरूपण कीजिए।

प्र. 2. मैथ्यू आर्नल्ड की आलोचना दृष्टि का मूल्यांकन कीजिए। **10**

**अथवा**

स्वच्छंदतावाद क्या है? इस धारा की प्रमुख विशेषताओं को उद्‌घाटित कीजिए।

प्र. 3. भिखारीदास के काव्यशास्त्रीय चिंतन को निरूपित कीजिए। **10**

**अथवा**

शास्त्रीय आलोचना और तुलनात्मक आलोचना दोनों को स्पष्ट कीजिए।

प्र. 4. निम्नांकित पद्यांशों में से किसी एक की व्यावहारिक समीक्षा कीजिए– **10**

खेती न किसान को, भिखारी को न भीख,
बलि बनिक को बनिज न चाकर को चाकरी।
जीविका विहीन लोग सीद्यमान सोच बस,
कहैं एक एकन सौं 'कहाँ जाई, का करी।'
बेद हूँ पुरान कहीं लोकहूँ बिलोकियत,
साँकरे सबै है राम रावरे कृपा करी।
दारिद–दसानन दवाई दुनी, दीनबंधु
दुरित दहन देखि तुलसी हहा करी।

**अथवा**

'शांति नही तब तक, जब तक
सुख भाग न नर का सम हो,
नहीं किसी को बहुत अधिक हो,
नहीं किसी को कम हो।
ऐसी शांति राज्य करती है
तन पर नहीं हृदय पर
नर के ऊंचे विश्वासों पर,
श्रद्धा भक्ति प्रणय पर।'

प्र. 5. निम्नांकित प्रश्नों में से किन्हीं पांच (5) प्रश्नों के उत्तर दीजिए– **5x4 = 20**

**(i)** स्थायी भाव क्या है? सभी स्थायी भावों और उनके रसों के नाम लिखिए।

**(ii)** अर्थालंकार क्या है? किन्ही चार अर्थालंकारों के नाम लिखिए।

**(iii)** अरस्तू के अनुसार विरेचन क्या है?

**(iv)** साहित्य समीक्षा में विखंडन पद्धति का क्या असर हुआ?

**(v)** काव्य गुण क्या है? सभी गुणों के नाम लिखिए।

**(vi)** अभिव्यंजना और वक्रोक्ति का तुलनात्मक विवेचन कीजिए।

**(vii)** 'रस सिद्धांत' के संदर्भ में साधारीकरण क्या है?

**(viii)** अस्तित्ववादी दर्शन में 'स्वतंत्रता' का क्या अभिप्राय है?

प्र. 6. निम्नांकित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए– **10x1 = 10**

**(i)** करुण रस का स्थायी भाव क्या है?

**(ii)** कविता में वंशगत विशेषता क्या है?

**(iii)** माधुर्य और सुकुमारता गुण से संपन्न रीति का नाम लिखिए।

**(iv)** ध्वनि संप्रदाय के प्रवर्तक कौन है?

**(v)** पाश्चात्य काव्यशास्त्र के पहले समीक्षक कौन है?

**(vi)** अरस्तू–त्रासदी का सर्वाधिक महत्वपूर्ण अंग क्या मानते हैं?

**(vii)** वक्रोक्ति को काव्य का जीवन किसने कहा?

**(viii)** 'पेरिहुप्सुस' के लेखक कौन है?

**(ix)** रिचर्ड्स की अंतिम रचना का नाम लिखिए।

**(x)** रसिक प्रिया किस कवि की रचना है?

♦♦♦

# JAIN VISHVA BHARATI INSTITUTE, LADNUN
## DISTANCE EDUCATION EXAMINATION – 2025
## (JULY SESSION)
## M.A. IN HINDI
## (PREVIOUS YEAR)
## MHD104 – HINDI SAHITYA KA ITIHAS

**TIME : 3.00 HOURS** **ROLL NO. ......................** **MM : 70**

**निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित है।**

प्र. 1. निम्नांकित सभी प्रश्नों के उत्तर एक–एक वाक्य में दीजिए– **10X1 = 10**

**(i)** आदिकाल को 'बीजवपन काल' की संज्ञा किस विद्वान द्वारा दी गयी?

**(ii)** जार्ज ग्रियर्सन द्वारा लिखित हिन्दी इतिहास ग्रन्थ का नाम लिखिए।

**(iii)** हिन्दी साहित्य की इतिहास लेखन परम्परा के प्रथम लेखक किसको माना जाता है?

**(iv)** भक्तिकालीन दार्शनिक पृष्ठभूमि में 'द्वैताद्वैतवाद' मत किस आचार्य द्वारा दिया गया?

**(v)** कृष्णभक्ति काव्य धारा में वर्णित 'भ्रमर गीत' परम्परा में भ्रमर के नाम से किसको संबोधित किया गया?

**(vi)** उस प्राचीन सिद्ध का नाम बताइए जिनसे सिद्ध साहित्य का आरंभ माना जाता है।

**(vii)** हिन्दी के प्रथम महाकवि एवं उनके द्वारा रचित प्रथम महाकाव्य का नाम लिखिए।

**(viii)** किन्हीं दो रीतिमुक्त कवियों के नाम लिखिए।

**(ix)** 'ललित ललाम' किस रीतिकालीन कवि की रचना है?

**(x)** आधुनिक काल में बहुचर्चित 'सरस्वती' पत्रिका का प्रकाशन वर्ष बताइए।

प्र. 2. निम्नलिखित में से किन्ही पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिये– **5X4 = 20**

**(i)** आदिकालीन लौकिक साहित्य पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए।

**(ii)** भक्तिकाल के उदय के सम्बन्ध में विभिन्न विद्वानों के मतों को स्पष्ट कीजिए।

**(iii)** सूफी प्रेमाख्यानक काव्य परम्परा पर प्रकाश डालिए।

**(iv)** कृष्णभक्ति काव्य धारा में 'अष्टछाप' पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए।

**(v)** रीतिकालीन रीति मुक्त काव्य धारा से आप क्या समझते हैं? स्पष्ट कीजिए।

**(vi)** आधुनिक काल के संदर्भ में हिन्दी भाषा और गद्य के उदय अभिव्यक्त कीजिए।

**(vii)** आधुनिक काल के अन्तर्गत प्रगतिवादी पृष्ठभूमि को अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए।

प्र. 3. निम्नलिखित में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर (250 शब्दों में) दीजिए– **4X10 = 40**

**(i)** भक्तिकाल के काल विभाजन एवं उसके नामकरण को अपने शब्दों में अभिव्यक्त कीजिए।

**(ii)** आदिकालीन जैन साहित्य की समृद्ध परम्परा पर प्रकाश डालिए।

**(iii)** रासो काव्यों से आप क्या समझते हैं, प्रमुख रासो काव्यों पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए।

**(iv)** सूफी प्रेमाख्यानक परम्परा को विश्लेषित कीजिए।

**(v)** तुलसीदास का सामान्य परिचय देते हुए रामभक्ति काव्य धारा की विशेषताओं को व्याख्यायित कीजिए।

**(vi)** छायावाद के प्रमुख आधार स्तंभों का सामान्य परिचय देते हुए छायावादी काव्य की मूल प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

♦♦♦

# JAIN VISHVA BHARATI INSTITUTE, LADNUN

## DISTANCE EDUCATION EXAMINATION – 2025
## (JULY SESSION)
## M.A. IN HINDI
## (PREVIOUS YEAR)

## MHD105 – JAIN SANSKRITI EVAM JEEVAN MULYA

**TIME : 3.00 HOURS** **ROLL NO. ......................** **MM : 70**

**निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित है।**

प्र. 1. **लघूत्तरात्मक प्रश्न / Short Answer Type Questions** **11X1 = 11**

**(i)** जिन किसे कहते हैं?
Who is called Jina?

**(ii)** धर्म का स्वरूप लिखिए।
Write the nature of Dharma.

**(iii)** तीसरे तीर्थंकर का नाम लिखिए।
Write the name of Third Tirthankara.

**(iv)** जैनाचार से क्या तात्पर्य है?
What do you mean by Jain Ethics?

**(v)** तत्त्व किसे कहते हैं?
What is Tattva?

**(vi)** लोक की परिभाषा लिखिए।
Write the definition of Loka.

**(vii)** व्रत किसे कहते हैं?
What is Vratas?

**(viii)** पर्यावरण से क्या तात्पर्य है?
What do you mean by Environment?

**(ix)** प्रेक्षाध्यान क्या है?
What is Preksha Dhyan?

**(x)** पाप के कितने भेद हैं?
How many types of Sin?

**(xi)** हिंसा किसे कहते हैं?
What is Violence?

**(xii)** दया से आप क्या समझते हैं?
What do you know about Kindness?

प्र. 2. किन्हीं पाँच पर टिप्पणी लिखिए– / Write a short note on any five- **5X4 = 20**

**(i)** जैन साहित्य / Jain Literature

**(ii)** रत्नत्रय / Three Jewels

**(iii)** श्रावकाचार / House Holder Vow

**(iv)** षड्द्रव्य / Six Substance

**(v)** समय प्रबन्धन / Time Management

**(vi)** जैन दर्शन और विज्ञान / Jain Philosophy and Science

**(vii)** मनोविज्ञान और ध्यान / Psychology and Meditation

प्र. 3. निम्नलिखित में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए–
Write the following any three question- **3X13 = 39**

**(i)** जैन धर्म की प्राचीनता स्पष्ट कीजिए।
Explain the antiquity of Jainism.

**(ii)** जैन सम्प्रदायों का वर्णन कीजिए।
Describe the Jain schools.

**(iii)** जैन जीवन शैली का वर्णन कीजिए।
Describe the Jain way of life.

**(iv)** लक्ष्य प्रबन्ध को स्पष्ट कीजिए।
Explain the Aim Management.

**(v)** प्रेक्षाध्यान का स्वरूप एवं महत्त्व स्पष्ट कीजिए।
Explain the nature and importance of Preksha Meditation.

♦♦♦

# JAIN VISHVA BHARATI INSTITUTE, LADNUN
## DISTANCE EDUCATION EXAMINATION – 2025
## (JULY SESSION)
## M.A. IN HINDI
## (FINAL YEAR)
## MHD201 – PRACHIN EVAM MADHYAKALIN KAVYA

**TIME : 3.00 HOURS** **ROLL NO. ......................** **MM : 70**

**निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित है।**

प्र. 1. निम्नांकित में से किन्हीं तीन पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए–

**4x6 = 24**

**(i)** लच्छन सहित, बत्तीस बरस छत्तीस मास छह।
इन दज्जन संग्रहे राहु जिम चंद सूर गह।।
उब छुट्टे महि दान, दुजन छुट्टे ति दंड वही।
इक्क गहहि गिरि कंद इक्क अनुसरहि चल गहि।।
चहुँवान चतुर चहुँ दिसहि बलि हिंदबान सब हत्यजिहि।
इन जंपई चंदु वरदिद्या प्रिथीराज अनुहार इहि।।

**(ii)** पीछे लागा जाहि था, लोक वेद के साथि।
आगै थैं सतगुरु मिल्या, दीपक दीया हाथि।।
दीपक दीया तेल भरि, बाती दई अघट्ट।
पूरा किया बिसाहुणां, बहुरि न आवौ हंट्ट।।
कबीर गुरु गखा मिल्या, रील गया आटू लूंण।
जाति–पाति कुल सब मिटै, नाव धरोगे कौंण।।

**(iii)** निर्गुन कौन देश के बासी?
मधुकर! हँसि समुझाय, सौंह दै बूझति, साँच न हाँसी।।
को है जनक जननि को कहियत, कौन नारि, को दासी?
कैसो बरन भेस है कैसो, केहि रस में अभिलाषी
पावैगो पुनि किओ आपनो जो रे कहैगो गाँसी।
सुनत मौन ह्वै रह्यो, ठग्यो सो सूर सवै भति नासी।।

**(iv)** दैहिक दैविक भौतिक तापा।
राम–राज नहिं काहुहि व्यापा।।
सब नर करहि परस्पर प्रीती।
चहहि स्वधर्म निरत श्रुति नीति।।
चरिऊ चरन धर्म जग माही।
पूरि रहा सपनेहुँ अद्य नाही।।
राम भगति रट नर और नारी।
सकल परम गीत के अधिकारी।।
अल्पमृत्यु नहीं कवनिऊ पीरा।

सब सुंदर सब विरुज शरीरा।।
नहि दरिद कोऊ दुखी ना दीना।
नहि कोऊ अबध न लच्छन हीना।।
सब निदर्भ धर्मरत पुनी।
नर अरु नारि चतुर सब गुनी।।
सब गुनय पंडित सब ग्यानी।
सब कृतग्य नहि कपट सयानी।।

प्र. 2. निम्नांकित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए– **2x10 = 20**

**(i)** आदिकालीन हिंदी साहित्य की प्रमुख प्रवृत्तियों को स्पष्ट कीजिए।
**(ii)** भक्तिकाल की विभिन्न परिस्थितियों को स्पष्ट कीजिए।
**(iii)** प्रेमाख्यान किसे कहते हैं? हिंदी प्रेमाख्यान काव्य परंपरा में जायसी कृत 'पदमावत' का स्थान निर्धारित कीजिए।

प्र. 3. निम्नांकित में से किन्ही चार प्रश्नों का उत्तर दीजिए– **4x4 = 16**

**(i)** कृष्ण भक्ति का परिचय संक्षेप में लिखिए।
**(ii)** तुलसी की भक्ति–भावना पर प्रकाश डालिए।
**(iii)** भ्रमरगीत का मुख्य प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।
**(iv)** उत्तरकांड में समाज का स्वरूप स्पष्ट कीजिए।
**(v)** खुसरो का महत्व संक्षेप में समझाइए।
**(vi)** विहारी ने 'गागर में सागर भरा है' इस कथन का आशय संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।

प्र. 4. निम्नांकित प्रश्नों में से किन्ही दस प्रश्नों का उत्तर एक–एक वाक्य में लिखिए– **1x10 = 10**

**(i)** वल्लभाचार्य के भक्तिमार्ग का नाम लिखिए।
**(ii)** निर्गुण भक्ति काव्य के प्रवर्तक कौन है?
**(iii)** साहित्य लहरी किसकी रचना है?
**(iv)** भ्रमर गीत का दर्शन क्या है?
**(v)** सूरदास के गुरु कौन थे?
**(vi)** ''वरवै रामायण'' किसकी रचना है?
**(vii)** रामचरित मानस की भाषा कौनसी है?
**(viii)** सतसई का अर्थ क्या है?
**(ix)** एक ही रचना के कारण हिन्दी कविता में अमर होने वाला कवि कौन है?
**(x)** अमीर खुसरो का पूरा नाम लिखिए।
**(xi)** भूषण किस काव्य के कवि है?
**(xii)** अष्टछाप के प्रवर्तक कौन है?
**(xiii)** ज्ञानाश्रयी शाखा के सबसे प्रमुख कवि कौन है?
**(xiv)** 'पदमावत' में हीरामन टोटे का रूपक क्या है?
**(xv)** हिंदी साहित्य के आदि कवि कौन हैं?

♦♦♦

# JAIN VISHVA BHARATI INSTITUTE, LADNUN
## DISTANCE EDUCATION EXAMINATION – 2025
## (JULY SESSION)
## M.A. IN HINDI
## (FINAL YEAR)
## MHD202 – BHASHA VIGYAN EVAM HINDI BHASHA

**TIME : 3.00 HOURS** **ROLL NO. ......................** **MM : 70**

**निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित है।**

प्र. 1. भाषा विज्ञान के प्रमुख और गौण अंगों का विवेचन कीजिए। **10**

अथवा

स्वनिम की परिभाषा देते हुए निर्धारण पद्धतियों का सोदाहरण परिचय दीजिए।

प्र. 2. रूप की परिभाषा देते हुए रुपिम के प्रकार समझाइये। **10**

अथवा

अर्थ परिवर्तन के कारणों की चर्चा कीजिए।

प्र. 3. प्राचीन भारतीय आर्यभाषाएं कौनसी है? बताते हुए वैदिक संस्कृत की विशेषताएं लिखिए। **10**

अथवा

राजस्थानी की बोलियों का परिचय दीजिए।

प्र. 4. हिन्दी के विविध रूपों का परिचय दीजिए। **10**

अथवा

लिपि की आवश्यकता बताते हुए लिपि विकास का इतिहास प्रस्तुत कीजिए।

प्र. 5. निम्नांकित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए– **5X4 = 20**

**(i)** भाषा की विशेषताएं लिखिए।

**(ii)** स्वर और व्यंजन का अंतर संक्षेप में बताइये।

**(iii)** मुक्त और मुक्तबद्ध रूपिम को समझाइये।

**(iv)** अर्थ की अवधारणा को समझाइये।

**(v)** गुजराती भाषा की विशेषताएं बताइये।

(vi) ब्रज भाषा की विशेषताएं बताइये।

(vii) 'स्वनिम' को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(viii) कम्प्यूटर की उपयोगिता बताइये।

प्र. 6. निम्नलिखित में से किन्ही दस प्रश्नों के उत्तर दीजिए– **10X1 = 10**

(i) भाषा यादृच्छिक ध्वनिप्रतीकों की व्यवस्था है, ऐसा किसने कहा है?

(ii) संस्वन को जानने का आधार क्या है?

(iii) निपात का क्या अर्थ है?

(iv) अर्थ किसे कहते हैं?

(v) अर्थबोध किन साधनों के द्वारा होता है?

(vi) स्रोत के आधार पर शब्द के कौनसे प्रकार है?

(vii) 'आदित्य' शब्द किस धातु से बना है?

(viii) रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव शैली का संबंध किसके साथ बताते हैं?

(ix) प्राचीन भारतीय आर्यभाषाओं में किन दो भाषाओं का समावेश किया जाता है?

(x) वैदिक साहित्य में कौन–कौन से ग्रंथ आते हैं?

(xi) ब्रज भाषा का भौगोलिक क्षेत्र लिखिए।

(xii) बांगरु किस बोली का नाम है?

(xiii) स्मृतिकोश के दो प्रकार कौनसे है?

(xiv) सूत्र लिपि के आज के उदाहरण बताइए।

(xv) नरेन्द्र देव समिति की दो सिफारिशें बताइए।

♦♦♦

# JAIN VISHVA BHARATI INSTITUTE, LADNUN
## DISTANCE EDUCATION EXAMINATION – 2025
## (JULY SESSION)
## M.A. IN HINDI
## (FINAL YEAR)
## MHD203 – LOK SAHITYA

**TIME : 3.00 HOURS** **ROLL NO. ......................** **MM : 70**

**निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित है।**

प्र. 1. निम्नांकित में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिये– **3X15 = 45**

**(i)** लोकवार्ता के अर्थ तथा क्षेत्र विस्तार की विस्तृत विवेचना कीजिये?

**(ii)** लोक साहित्य के अध्ययन में भारतीय संप्रदायों के योगदान की व्याख्या कीजिये।

**(iii)** ''राजस्थान के लोक नाटकों में लोक संस्कृति की भव्य प्रस्तुति होती है।'' कथन की सारगर्भित व्याख्या कीजिये?

**(iv)** ''राजस्थानी लोक कथाओं में मानवेतर प्राणियों व पदार्थों का सजीव चित्रण हुआ है।'' कथन की विस्तृत विवेचना कीजिये?

**(v)** ''राजस्थानी लोक गीतों में नारी भावना का हृदय स्पर्शी चित्रण हुआ है।'' उदाहरण देकर इस कथन की व्याख्या कीजिये?

प्र. 2. निम्नलिखित में से किन्ही पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिये– **5X3 = 15**

**(i)** लोक साहित्य के स्वरूप को स्पष्ट कीजिये।

**(ii)** राजस्थान के प्रमुख लोकोत्सवों का परिचय दीजिये।

**(iii)** ''लोक संस्कृति में राष्ट्र की आत्मा प्रतिबिम्बित होती है।'' कथन पर अपने विचार अभिव्यक्त कीजिये।

**(iv)** राजस्थान के कोई पांच लोक देवताओं का संक्षिप्त परिचय दीजिये।

**(v)** राजस्थानी लोक संगीत में प्रयुक्त वाद्य यंत्रों का परिचयात्मक विवरण लिखिये।

**(vi)** लोक गाथाओं की तात्विक विवेचना प्रस्तुत कीजिये।

**(vii)** राजस्थानी लोक कथाओं का संक्षिप्त परिचय लिखिये।

प्र. 3. निम्नलिखित में से किन्ही दस प्रश्नों के उत्तर (20–30 शब्दों में) लिखिये–

**10X1 = 10**

**(i)** लोक कला का अर्थ तथा उदाहरण लिखिये।

**(ii)** वाद्य यंत्र 'अलगोजा' का परिचय दीजिये।

**(iii)** राजस्थान के अबूझ मुहूर्त्त कौन–कौन से हैं?

**(iv)** 'कथानक अभिप्राय' से क्या तात्पर्य है?

**(v)** कच्छी घोड़ी नृत्य की विशेषता लिखिये?

**(vi)** नोटंकी ख्यालों में कौन–कौन से छन्द मिलते हैं?

**(vii)** लोक गाथा से क्या तात्पर्य है?

**(viii)** रामदेवरा का मेला कब तथा कहां भरता है?

**(ix)** करणी माता का मंदिर कहां स्थित है तथा यह क्यों प्रसिद्ध है?

**(x)** लोक गीत की परिभाषा लिखिये।

**(xi)** लोक नाटकों के प्रमुख तत्त्वों का नामोल्लेख कीजिये।

**(xii)** 'स्वांग' किसे कहते हैं? होली पर प्रदर्शित होने वाले स्वांगों के नाम लिखिये?

**(xiii)** गणेश चतुर्थी कब तथा क्यों मनाई जाती है?

**(xiv)** लोक संस्कृति के भौतिक तथा अभ्यंतर सौन्दर्य से क्या तात्पर्य है?

**(xv)** लोक साहित्य में 'लोक' से क्या अभिप्राय है?

♦♦♦

# JAIN VISHVA BHARATI INSTITUTE, LADNUN

## DISTANCE EDUCATION EXAMINATION – 2025

## (JULY SESSION)

## M.A. IN HINDI

## (FINAL YEAR)

## MHD205 – ANUVAD VIGYAN

**TIME : 3.00 HOURS** **ROLL NO. ......................** **MM : 70**

**निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित है।**

प्र. 1. निम्नांकित में से किन्ही तीन प्रश्नों के विस्तृत उत्तर दीजिये– **3X10 = 30**

**(i)** निम्न को स्पष्ट कीजिए–

(क) पदबंध

(ख) वाक्यों प्रकार

**(ii)** अनुवाद को समझने की प्रमुख दृष्टियों को समझाइए।

**(iii)** अनुवाद की भाषिक अपेक्षाओं को समझाइए।

**(iv)** पुनरीक्षण की प्रक्रिया को समझाइए।

**(v)** अनुवाद में कोष की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कोषों के विभिन्न प्रकारों को बताइए।

प्र. 2. निम्नलिखित में से किन्ही पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिये– **5X4 = 20**

**(i)** अनुवाद व्यावहारपरक स्वरूप स्पष्ट कीजिए?

**(ii)** क्या अनुवाद शिल्प है?

**(iii)** भाषा प्रयुक्ति के निर्धारक तत्त्वों को बताइए।

**(iv)** जनसंचार माध्यम में अनुवाद की भूमिका को समझाइए।

**(v)** मशीनी अनुवाद की प्रमुख प्रविधियां बताइए।

**(vi)** अन्तर्राष्ट्रीय साहित्य के अध्ययन अध्यापन में अनुवाद का महत्त्व समझाइए।

**(vii)** पूर्ण अनुवाद एवं समग्र अनुवाद के अंतर को स्मष्ट करें।

**प्र. 3.** निम्नलिखित में से किन्ही दस प्रश्नों के अति संक्षेप में उत्तर दीजिये–

**10X1 = 10**

(i) अनुवाद शब्द की व्युत्पत्ति बताइए।

(ii) पाणिनि द्वारा दी गई वाक्य की परिभाषा क्या है?

(iii) उपवाक्य किसे कहते हैं? ये कितने प्रकार के होते हैं? उदाहरण सहित समझाइए।

(iv) अनुवाद में भाषा के सांस्कृतिक संदर्भ का क्या महत्व है?

(v) साहित्यिक प्रयुक्ति से आप क्या समझते हैं?

(vi) प्रशासनिक अनुवाद को समझाइए।

(vii) 'कोश' से क्या तात्पर्य है?

(viii) 'विश्वकोश' से आप क्या समझते हैं?

(ix) पुनरीक्षण किसे कहते हैं?

(x) मशीनी अनुवाद क्या है? सर्वप्रथम इसका उपयोग कब हुआ?

(xi) मशीनी अनुवाद में उप–भाषाओं का क्या महत्व है?

(xii) अनुवाद के पश्चात संपादन कैसे होता है?

(xiii) कर्तृ वाच्य और कर्म वाच्य के अनुवाद को समझाइए।

(xiv) छायानुवाद से आप क्या समझते हैं?

(xv) अर्थ सापेक्ष अनुवाद के अंतर्गत आने वाले विभिन्न अनुवाद प्रकारों के नाम लिखिए।

प्र. 4. निम्नलिखित अंग्रेजी अवतरण का हिन्दी भाषा में अनुवाद कीजिये–

**1X10 = 10**

The industrial revolution brought the big machines into the world. It ushered in the Machine Age or the Mechanical Age. Of course there had been machines before, but none had been so big as the new machine. What is a machine? It is a big tool to help man to do his work. Man has been called a tool-making animal, and from his earliest days he has made tools and tried to better them. His supremacy over the other animals, many of was an extension of his hand, or you may call it a third hand. The machine was the extension of the tool. The tool and the machine raised man above the brute creation. They freed human society from the bondage of nature.

♦♦♦

# JAIN VISHVA BHARATI INSTITUTE, LADNUN
## DISTANCE EDUCATION EXAMINATION – 2025
## (JULY SESSION)
## M.A. IN HINDI
## (FINAL YEAR)
## MHD-207 – PRAYOJANMULAK HINDI

**TIME : 3.00 HOURS** **ROLL NO. ......................** **MM : 70**

**निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक सामने अंकित है।**

**आलोचनात्मक प्रश्न** **4X10=40**

प्र. 1. पारिभाषिक शब्द को परिभाषित करते हुए इसके विभिन्न सन्दर्भों की व्याख्या करें।

**अथवा**

'आर्थिक परिदृश्य के मौजूदा दौर में वह भाषा टिकेगी जिसका जीविकोपार्जन से सशक्त सम्बन्ध हो।' इस कथन के अलोक में प्रयोजनमूलक हिंदी की सार्थकता रेखांकित कीजिए।

प्र. 2. प्रारूप की विशेषता लिखते हुए उदाहरण सहित उसके मुख्य अंग स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

वैज्ञानिक तकनीकी एवं प्रोद्योगिकी क्षेत्र के अनुवाद और विधि अनुवाद की समस्याओं और समाधान पर विचार कीजिए।

प्र. 3. समाचार के तत्त्व उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

संपादन के आधारभूत तत्त्व स्पष्ट कीजिए।

प्र. 4. प्रमुख प्रेस कानूनों की संक्षिप्त जानकारी दीजिए।

**अथवा**

मुद्रित माध्यम में लेखन के लिए ध्यान रखने योग्य विशेषताओं का उद्घाटन कीजिए।

**लघूत्तरात्मक प्रश्न** **5X4 = 20**

प्र. 5. किन्ही पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिये–

**(i)** सर्जनात्मक भाषा पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

**(ii)** पत्र–लेखन में पत्राचार के विभिन्न रूपों का उल्लेख कीजिए।

**(iii)** पल्लवन की विशेषता स्पष्ट कीजिए।

**(iv)** वेब पब्लिशिंग का परिचय देते हुए उसके महत्व एवं उपयोग स्पष्ट कीजिए।

**(v)** इंटरनेट उपकरणों का परिचय स्पष्ट कीजिए।

**(vi)** टेली–ड्रामा को विस्तार से स्पष्ट कीजिए।

**(vii)** कार्यालयी अनुवाद की समस्याएं और समाधान स्पष्ट कीजिए।

**अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न** **10X1 = 10**

प्र. 3. निम्नलिखित में से किन्ही दस प्रश्नों के उत्तर दीजिये–

**(i)** इंटरनेट का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

**(ii)** विज्ञापन के विशेष महत्व के क्षेत्र कौन–कौनसे हैं? उल्लेख कीजिए।

**(iii)** विज्ञापन एजेन्सी में कौन से तीन उपभाग काम करते है? उल्लेख कीजिए।

**(iv)** रिपोर्ताज मूलतः किस भाषा का शब्द है और अंग्रेजी के किस शब्द से उसका गहरा संबंध है।

**(v)** इंटरनेट पत्रकारिता का आशय स्पष्ट कीजिए।

**(vi)** आशु अनुवाद किसे कहते हैं?

**(vii)** कार्यालयी अनुवाद के प्रकारों का उल्लेख कीजिए।

**(viii)** विधि की भाषा का अनुवाद करते समय अनुवादक को किस बात का विशेष ध्यान रखना होता है।

**(ix)** अनुवादक की अर्थ ग्रहण शक्ति का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए।

**(x)** कॉपी होल्डर किसे कहते हैं।

**(xi)** समांतर सिनेमा की दो बेहतरीन फिल्मों के नाम लिखिए।

**(xii)** **निकास द्वार** का अंग्रेजी अनुवाद लिखिए।

**(xiii)** **सामान घर** का अंग्रेजी अनुवाद लिखिए।

**(xiv)** **Catering** का हिन्दी अनुवाद लिखिए।

**(xv)** **Consigner** का हिन्दी अनुवाद लिखिए।

♦♦♦